तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025



14 संत माता कर्मा केवल साहू नहीं सर्व समाज के ...



14 मंत्री टंकराम ने राम आएंगे भजन से नवधा रामायण में ...



## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल की आवश्यक बैठक आज

**हिरमी-रावन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल की आवश्यक बैठक 27 मार्च गुरुवार को सुबह 10.30 बजे पुराना कुर्मी भवन में जिला मंत्री सुनीता वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार की अध्यक्षता में रखी गई है। इसमें आगामी 30 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित बिलासपुर दौरा एवं मंडल की नई कार्यकारिणी के संबंध में चर्चा की जायेगी। इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को शामिल होने की अपील भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की है।

### सरकारी स्कूल की छात्रा सिमरन पढ़ेगी नवोदय में

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के वनांचल क्षेत्र के ग्राम नायकबांधा में अध्ययरत छात्रा कु सिमरन पिता शिवनारायण दीवान का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद ब्लाक की इकलौती छात्रा है जो सरकारी स्कूल में अध्ययनरत है और नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुई है। शासकीय प्राथमिक शाला नायकबांधा की छात्रा सिमरन के चयन पर ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है। साथ ही शाला के प्रधान पाठक दौलत राम निषाद, कक्षा शिक्षक पी श्रीधर राव एवं शिक्षक शिवकुमार कंवर ने छात्रा की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

### युवक कार की टक्कर से हुआ घायल

**महासमुंद।** सामान खरीदने किराना दुकान जा रहा युवक कार की टक्कर से घायल हो गया। पिथौरा थाने में घायल युवक के पिता की रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी देवसिंह डडसेना पिता स्व. नारायण डडसेना निवासी पिथौरा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 22 मार्च की शाम लगभग 5.30 बजे उसका बेटा ऐश्वर्य डडसेना (28 वर्ष) घर से रावणभाठा पारा किराना स्टोर्स में राशन समान खरीदने पैदल जा रहा था। इस दौरान अल्टो वाहन क्रमांक सीजी04एच 4541 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक व तेज गति से अपने वाहन को चला कर ऐश्वर्य डडसेना को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे युवक के दाहिने पैर में गंभीर चोट व मुंह होठ, बांये पैर , बांये कंधे में चोट आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### दो दंतैलों की सिरपुर क्षेत्र में दस्तक, हाई अलर्ट

**महासमुंद।** वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 54 में दो दंतैल हाथियों के प्रवेश के बाद छह गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर जारी सूचना के अनुसार बीती रात में 2 दतैल हाथियों ने सिरपुर रोड को पार कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 54 वन विकास निगम के जंगल में प्रवेश किया है। जिनका वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 54, 131, 132, 126, 127 है। हाथियों के प्रवेश के बाद ग्राम नांदबारू, सुकुलबाय, केशलडीह, खिरशाली, बंदोरा, तालझर के आसपास के ग्रामीणों को हाई अलर्ट किया गया है। साथ ही कोटवार से मुनादी करवा कर किसी को भी जंगल नहीं जाने और हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने कहा गया है।

### भागवत सुनने आए युवक के साथ मारपीट

महासमुंद। भागवत कथा सुनने ग्राम भोकलूडीह आए एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ग्राम मेमरा निवासी रोशन लाल साव ने बताया कि वह 25 मार्च को अपने परिवार के साथ ग्राम भोकलूडीह भागवत कथा सुनने आया था। वह भोजनालय से खाना खाकर अपने घर वापस जा रहा था।

---

**समस्या : कुएं और तालाब सूखे, गांवों में टैंकर से हो रही पानी की सप्लाई**

# मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ग्राम मुसवाडीह, भालेसुर, मोहरा, तिल्दाबांधा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण इन दिनों जल संकट से जूझ रहे हैं। जल स्तर लगातार गिरने से कुएं और नलकूप सूख रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ हालात और भी खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। गांवों में जल संरक्षण की कमी और अंधाधुंध जल दोहन के कारण यह स्थिति बनी है। कई हैंडपंप और बोरवेल सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को टैंकरों के सहारे पानी लेना पड़ रहा है। पशुपालन और कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। सरकार और प्रशासन को इस जल संकट का समाधान निकालने के लिए त्वरित कदम उठाने होंगे। वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, नहरों की सफाई करने और जल संरक्षण अभियानों को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। ग्रामीणों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से बचा जा सके। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार सूखे और गिरते भूजल स्तर के कारण कुएं और बोरिंग बेकार हो गए हैं। पानी की कमी के चलते खेती और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रही है। स्थानीय निवासियों का सुझाव है कि आसपास के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए नालों से पानी छोड़ा जाए, जिससे भूजल स्तर में सुधार हो सके। मुसवाडीह सरपंच अंजलि पवन सारथी ने बताया कि वह गांव की पेयजल समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के लिए टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। नहर में पानी छोड़ा जाए तो वाटर लेवल की समस्या से निजात मिल सकता है।

# टुंडरा तहसील में रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- एसडीएम ने दिये जांच के आदेश, तहसीलदार कर रहे हैं जांच

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के अनुसार बलौदाबाजार जिले के टुंडरा तहसील के ग्राम नरधा में किसान से रिश्वत लेने का स न स नी खे ज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक किसान, महिला पटवारी रितेश तंवर के पति प्रवीण गुप्ता को 500–500 के नोट सौंपते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनके बीच रिश्वत के लेन–देन को लेकर बातचीत भी होती है, जिसमें पटवारी का पति पहले काम करवा लो, फिर मन हो तो पैसे देना जैसी बातें कहते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही गांव के लोगों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने टुंडरा एसडीएम रामरतन दुबे से इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद प्रशासन ने पटवारी को हल्का नंबर 18 में ट्रांसफर कर दिया और तहसीलदार टुंडरा को मामले की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हरिभूमि वयारल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

## 3 लाख 90 हजार का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे मध्यप्रदेश निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 90 हजार रुपए का 26 किलो गांजा सहित अन्य सामान जब्त किया गया है।

सिंघोड़ा पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक सफेद रंग के मारूति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 04 सीजी 9177 में अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिए की एक कार वहां आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। ये लोग पुलिस को देखकर अपनी गाड़ी को तेज गति से चलाने लगे। जिन्हे पुलिस स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया।

# कोढ़ा से लोड ट्रक रास्ते से गायब आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली से कोढ़ा लोड कर रायपुर जाने के लिए निकला ट्रक रास्ते से गायब हो गया। मामले को लेकर सरायपाली के कारोबारी ने वाहन चालक और मोबाइल धारक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी व पिचोपिया एण्ड संस सरायपाली के प्रोपराईटर पवन कुमार अग्रवाल पिता स्व श्रीचंद अग्रवाल (44 वर्ष) ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसे रायपुर के भारद्वाज ट्रांसपोर्ट की ओर से फोन किया गया कि आपके पास जो कोढ़ा है उसे भेजे गए गाड़ी क्रमांक सीजी11बीपी8490 में लोड करा देंगे। इसके बाद प्रार्थी ने गाड़ी आने पर पालिस कोढ़ा (19 टन 270 वजन) कीमत 5,54,400 को उसमें लोड कराया। चालक जो 4 मार्च को बलोदिया राईस मिल के गोदाम में आया, समयाभाव के कारण 5 मार्च को माल लोड किया गया। इस दौरान प्रार्थी की चालक से 4 मार्च से 6 मार्च दोपहर 1:30 बजे तक बात हुई, इसके बाद मोबाईल बंद कर दिया एवं उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि अभी न तो उस वाहन का पता है और न ही वाहन ले जाने वाले व्यक्ति की जानकारी मिल पा रही है। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक और मोबाइल धारक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 316 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# चोरी की 25 बाइक जब्त, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न स्थानों से बाईक और सबमर्सिबल पंपों की चोरी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोपियों से पुलिस ने कुल सात लाख रुपए के 25 बाइकें और 6 सबमर्सिबल पंपों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार ये आरोपी महासमुंद के अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी कर बिक्री करने के फिराक में थे। मामले को लेकर कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शेर मोहम्मद वार्ड नं. 5 महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 15 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे मैं घर से अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजे 9071 से बस स्टैंड महासमुंद के यात्री प्रतीक्षालय में लॉक कर और ऑटो चलाने के लिए खल्लारी चला गया था। जब वह खल्लारी से वापस करीब दोपहर 3 बजे आया तो देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं थी। इस मामले में पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस को विवेचना के दौरान 25 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि खैरा चौक शराब भट्ठी के पास कुछ व्यक्ति पुरानी गाड़ियां बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चारों व्यक्तियों से पूछताछ करने लगी तो ये लोग गोलमोल जवाब देने लगे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने-अपने नाम कुबेर चंद्राकर उर्फ गब्बू पिता रेखराज चंद्राकर (37 वर्ष) निवासी हाल मुकाम वार्ड क्र 28 मौहारी भांठा पानी टंकी के पास महासमुंद स्थायी पता ग्राम सेनचुआ थाना कुरूद जिला-धमतरी, प्रीतम चक्रधारी पिता सुबेलाल चक्रधारी (19 वर्ष) निवासी कोल्दा मंडी पारा चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना महासमुंद, हितेश कुमार कुम्हार पिता नंदलाल कुम्हार (24 वर्ष) निवासी ग्राम फरौद वार्ड क्र 11 कुम्हार पारा चौकी बुंदेली और अशफाक अली उर्फ अस्तु पिता राईस अली (19 वर्ष) निवासी कोल्दा वार्ड क्र 01 चौकी बुंदेली बताया।

# दरचुरा में नवीन शराब दुकान खोलने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- नवदीप युवा मंच जनहित संघर्ष मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नवदीप युवा मंच जनहित संघर्ष मोर्चा छग के अध्यक्ष जागेश्वर साहू ने एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम दरचुरा में नवीन शराब दुकान नहीं खोलने संबंधी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा से ग्राम दरचुरा लगा हुआ है, जहां प्रतिवर्ष विश्व प्रसिद्ध कबीर पंथ का मेला का आयोजन होता है। दामाखेड़ा कबीरपंथीयों के आस्था का केंद्र है, यहां देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। शराब दुकान खुलने से नशा खोरों व असामाजिक तत्वों का आना जाना स्वाभाविक होगा।

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व इसी नशा के कारण दामाखेड़ा बहुत बड़ा विवाद हुआ था। जिसके कारण प्रशासन को यहां पुलिस सहायता केंद्र खोलना पड़ा। पास लगे गांव किरवई जहां अंग्रेजों के समय से संचालित मवेशी बाजार को गौ तस्करी के चलते प्रशासन ने बंद कर दिया। गणेशपुर विश्रामपुर में 90 वर्षों से संचालित हड्डी गोदाम, गौ हत्या, कच्ची शराब को रोकने उक्त कार्यों को प्रशासन ने बंद कराया। ये सभी ग्राम दरचुरा से लगे हैं तो ऐसी क्या स्थिति निर्मित हो गई है कि शासन यहां नवीन शराब दुकान खोलने जा रही है, जो समझ से परे हैं। जागेश्वर साहू ने शासन प्रशासन से मांग की है कि उक्त निर्णय पर गंभीरता से विचार करते हुए लोकहित में दरचुरा में प्रस्तावित शराब दुकान को न खोलें ताकि क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द बनी रहे।

# चितावर धाम में प्रज्ज्वलित होंगे 701 ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ग्राम भालुकोना के चितावर धाम में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक किया जाएगा। इस अवसर पर ज्योति कलश स्थापना, रामायण पाठ एवं पंडवानी कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति ने 701 ज्योति कलश की स्थापना का संकल्प लिया है। कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च को ज्योति कलश स्थापना से होगी, जिसमें श्रद्धालु भाग लेंगे।

2 अप्रैल को रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जो 5 अप्रैल तक चलेगा। 6 अप्रैल को महाआरती और भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। जय चितावर मंदिर विकास समिति एवं ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक भक्तों को इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है। साफ-सफाई में मंदिर अध्यक्ष दीनबंधु यादव, सनत सेठ, हरीश कुमार वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, परमेश्वर वर्मा, गणेश वर्मा, दूजे वर्मा सहित समिति की सदस्य लगे हुए हैं।

**विकास कार्यो के संबंध में उपस्थित पार्षदगणों से चर्चा की**

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने बुधवार को अध्यक्ष कक्ष में विधिवत पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नगर में किये जाने वाले विकास कार्यो के संबंध में उपस्थित पार्षदगणों से चर्चा की। नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले सहित पार्षदगण अंजनी पात्रे, अमितेश नेताम, रेखा पटेल, श्रद्धा वर्मा, रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, लोकेश कुमार, सतीश पटेल, जितेन्द्र कुमार डड़सेना, मनोजकांत पुरेना, सुरेश कुमार घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चन्द्रशेखर गुप्ता, आदित्य गुप्ता, डिगेश्वरी नामदेव, मंजू फेकर, शेख सलमान, कन्हैया सेन, प्रिया शुक्ला, ममता राव ने कार्यभार ग्रहण पर बधाई दी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी व अन्य कर्मचारीगणों ने अभिनंदन किया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस अवसर पर सभी नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये अभिनंदन स्वीकार किया। अध्यक्ष कक्ष में पदभार ग्रहण के अवसर पर शशिभूषण शुक्ला, डोमन वर्मा, योगेश अग्रवाल, सुधीर जैन, संतोष ठाकुर, ध्यानु गुप्ता, मयंक पंजवानी, रवि फेकर, लोकनाथ जायसवाल, मनीष पंजवानी, मितेन्द्र जैन, धनेश्वरी यादव, आकाश जायसवाल, आयुष जैन, महिला समिति में मंजू सोनी, दुलेश्वरी जायसवाल, राधा ध्रुव, आरती सर्राफ, नंदा पटेल, लता सोनी, उमा सोनी, शांति साहू, धनेश वर्मा, रजनी केशरवानी, जय वर्मा सहित अन्य नगरवासी एवं सब्जी मण्डी के व्यापारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# रामायण समारोह में हुआ दीपदान



**खरोरा।** ग्राम ईल्दा में 21 से 26 मार्च तक पांच दिवसीय रामायण समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय पाठ किया गया।

इसमें कथा वाचकों ने रामायण के आदर्शों पर प्रेरणादायक प्रवचन दिए। समारोह के चौथे दिन दीपदान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर भगवान श्रीराम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सरोवर तट और मंदिर प्रांगण हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा, जिससे पूरा वातावरण दिव्य और मंत्रमुग्धकारी बन गया। दीपदान कार्यक्रम ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति और भक्ति की अनुभूति कराई। समापन समारोह में आयोजक समिति के अध्यक्ष भगत राम साहू एवं उपाध्यक्ष चरण साहू ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। ग्राम के शिक्षक परमानंद साहू ने कहा ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिकता और संस्कारों का संचार होता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों नारायण साहू, महेश साहू, गणेश राम, गोविंद कनौजे, हेमलाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खबर संक्षेप

## मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, जताया आभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (सीजीएचआरए) के अध्यक्ष तरणजीत सिंह होरा और एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। श्री होरा ने होटल्स को उद्योग का दर्जा देने के लिए सीएम का आभार जताते हुए इस निर्णय को छत्तीसगढ़ में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके साथ ही श्री होरा ने कहा कि सीएम श्री साय ने होटल उद्योग से संबंधित समस्याओं पर ध्यान देने का भरोसा होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिया है।

## विश्व क्षय दिवस पर छत्तीसगढ़ सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित



**रायपुर।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन , नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री व रसायन और उर्वरक मंत्री श्री जे. पी. नड्डा ने की । टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भारत शासन द्वारा वर्ष 2023 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की पहल की गई थी । जिसके तहत निर्धारित सूचकांको के आधार पर ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर उन्हें टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है । उक्त अभियान के प्रारंभ वर्ष में छत्तीसगढ़ के 2260 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित हुए थे। जबकि वर्ष 2024 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़कर 4102 हो गयी । जिस हेतु 50 लाख से अधिक जनसंख्या वाले बड़े राज्यों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सर्वाधिक अनुपात प्राप्त करने वाली श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।

## पहली उड़ान 3 हजार में डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

**रायपुर।** लंबे इंतजार के बाद रायपुर-विशाखापट्नम की दूरी तय करने वाली फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी, पहली उड़ान का किराया 3 हजार है। सोम, मंगल, बुध, गुरु और शुक्रवार को चलने वाली यह फ्लाइट दोनों शहरों की दूरी को आधे घंटे में तय करेगी। इंडिगो इस सेक्टर में 78 सीटर वाला छोटा विमान संचालित करेगी। विशाखपट्नम का हवाई संपर्क एयर इंडिया की उड़ान बंद होने के साथ कट गया था। उसके बाद से इस फ्लाइट की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। 30-31 मार्च को इसी कंपनी की प्रयागराज, इंदौर और भोपाल की फ्लाइट भी अलग-अलग शेड्यूल में आवाजाही करेगी।

## राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षा 9 अप्रैल से

**रायपुर।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम की अप्रैल-मई 25 सैद्धांतिक परीक्षा 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है, जिसकी सैद्धांतिक परीक्षाओं की तिथियां राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की वेबसाइट www.nios.ac.in एवं https://sdmis.nios.ac.in पर उपलब्ध हैं। परीक्षार्थी प्रवेशपत्र वेबसाइट पर दिए गए लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं या स्टूडेंट लॉग इन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

## साइबर पुलिस ने दो सटोरियों को घेराबंदी कर पकड़ा

**रायपुर।** आजाद चौक और एंटी क्राइम साइबर पुलिस ने 24 मार्च को दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोमिनपारा स्थित एचएमटी चौक पर 2 सटोरियों द्वारा अंकों पर दांव लगाकर पर्ची के माध्यम से सट्टा खिलाया जा रहा है। पुलिस ने इस सूचना पर घेराबंदी कर गुलाम असकरी निवासी मोमिनपारा एवं सन्नी विश्वकर्मा निवासी बढ़ईपारा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी 18500 रुपए, सट्टा-पट्टी एवं हिसाब-किताब की डायरी बरामद की।

# बढ़ती गर्मी के साथ हीट स्ट्रोक पर स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट, सरकारी अस्पतालों के लिए गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल-मई में प्रदेश में पड़ने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तमाम सरकारी अस्पतालों को लू प्रबंधन पर गाइड लाइन जारी कर दी गई है। उन्हें ओपीडी में आने वाले मरीजों को पर्याप्त बैठक व्यवस्था और ठंडे पेयजल का इंतजाम रखने कहा गया है। हीट स्ट्रोक के शिकार होने वालों के लिए अस्पताल में दो बेड रिजर्व रखने और लक्षण के आधार पर उनका इलाज करने की हिदायत दी गई है। संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण औसत तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

इसके साथ ही मौसम विभाग द्वारा इस बार अप्रैल और मई के महीने में सामान्य से अधिक तापमान रहने यानी गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। गर्मी बढ़ने के बाद थोड़ी असावधानी से डिहाईड्रेशन और लू लगने की शिकायत बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से तमाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को ऐसे प्रभावितों के उपचार को लेकर गाइड लाइन जारी की गई है। तमाम अस्पतालों को इस बात की हिदायत दी गई है कि ब्राह्य रोग विभाग में आने वाले मरीजों की बैठक का पर्याप्त इंतजाम हो, उन्हें अपनी बारी आने के लिए बाहर खड़े होकर इंतजार नहीं करना पड़े। इसके साथ ही ठंडे पेयजल की व्यवस्था हो।

अगले महीने से गर्मी तेज होने के साथ लू लगने की समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसके लिए प्रत्येक अस्पताल में दो बेड का इंतजाम किया जाए, जहां कूलर अथवा एसी की पर्याप्त व्यवस्था हो, ओआरएस सेंटर बनाने के साथ आने वाले मरीजों के लक्षण के आधार पर इलाज किया जाए। इसी तरह आईपीडी वार्ड में भी मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किया जाए।

## ओपीडी में मरीजों के लिए उचित बैठक और ठंडे पेयजल की व्यवस्था रखने के निर्देश

### मरीजों को जागरूक करने के निर्देश

गर्मी के दिनों में इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में मरीज लंबा सफर तय कर पहुंचते हैं। ऐसे मरीजों के लू से बचाव के बारे में जरूरी जानकारी दी जाए। अस्पताल में शिकायत के आधार पर अन्य समस्या के साथ लू संबंधी जांच भी की जाए। इसके साथ ही उन्हें लू लगने पर इससे बचाव के तरीके के बारे में भी बताया जाए। विभाग द्वारा आम लोगों को भी इस समस्या से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की गई है।



### हीट-स्ट्रोक के बताए गए लक्षण

- सिर में भारीपन अथवा दर्द का अनुभव होना, मुंह का सूखना।
- तेज बुखार, चक्कर अथवा उल्टी आना, शरीर में दर्द।
- शरीर गर्म होने के बाद भी पसीना नहीं आना, प्यास और भूख कम लगना।

### अन्य संक्रामक बीमारियों के लिए इंतजाम

गर्मी के दिनों लू के साथ विभिन्न मौसमी संबंधी बीमारियां भी पांव पसारती है। इसकी रोकथाम के लिए जिला स्तर पर सूचना स्त्रोत को पुख्ता करने कहा गया है। शिकायत मिलने पर प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सकीय टीम भेजकर जांच कराने सक्रिय रहने कहा गया है। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए जिला अस्पताल से लेकर अन्य स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक, ओआरएस के पावडर, ग्लूकोज के फ्लूड रखने कहा गया है।

### राज्य के शक्कर बिक्री मासिक कोटा प्रणाली में छूट देकर अधिक मात्रा में बिक्री की मांगी अनुमति

# केंद्रीय सहकारिता मंत्री से मिले कश्यप, राज्य के लिए मांगी मदद

**नाबार्ड द्वारा मिलने वाली ऋण सहायता को 45 प्रतिशत करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल से सौजन्य भेंट की। बैठक में छत्तीसगढ़ की सहकारी क्षेत्र में उपलब्धियों, चुनौतियों और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" विजन को साकार करने में छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण के लिए 2028 पैक्स का चयन किया गया है। इसके अलावा, शेष 30 पैक्स और प्रस्तावित 500 नए पैक्स के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 8500 करोड़ रुपये के अल्पकालिक कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा था, जिसमें से अब तक 7709 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। हालांकि, नाबार्ड द्वारा केवल 1150 करोड़ रुपये का ही रियायती पुनर्वित्त उपलब्ध कराया गया है, जो कुल ऋण का मात्र 14.9 प्रतिशत है। इस अनुपात को बढ़ाकर 45 प्रतिशत तक करने की मांग की गई। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ की मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, सहकारिता के माध्यम से राज्य में कृषि, ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं। केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग मिलने पर इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। इस दौरान अपर मुख्य सचिव सहकारिता सुब्रत साहू, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा तथा भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### शक्कर बिक्री के मासिक कोटा में मांगी छूट

मंत्री श्री कश्यप ने केंद्र सरकार से राज्य के शक्कर बिक्री मासिक कोटा प्रणाली में छूट देकर अधिक मात्रा में बिक्री की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया ताकि गन्ना किसानों का भुगतान तेजी से हो सके। सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया द्वारा लिए गए टर्म लोन पर 84.79 लाख रुपये के विलंबित ब्याज को माफ करने का अनुरोध किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ की भागीदारी के लिए छत्तीसगढ़ को एक्सपोजर विजिट में शामिल करने का भी आग्रह किया गया।

### पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना

छत्तीसगढ़ सरकार ने सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति देने की कई पहल की है, जिसमें जनजातीय परिवारों के लिए दुग्ध सहकारिता योजना के तहत 6 जिलों में 325 परिवारों को 650 दुधारू पशु उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है। नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत राज्य में 725 गोदामों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से 665 पूर्ण हो चुके हैं। राज्य के 28 पैक्स में जनऔषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 25 हाल ही में स्थापित किए गए हैं। 2029 पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 1103 हाल ही में शुरू किए गए हैं।

**कार्रवाई**

# बड़े बकायादारों पर कार्रवाई 5 गोदाम और फैक्ट्री सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बड़े बकायादारों से बकाया कर वसूलने कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। मंगलवार को जोन 10 राजस्व विभाग की टीम ने जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की। बकाया कर जमा करने में कोताही बरतने पर 5 गोदाम को सील किया गया। वहीं एक खिलौना फैक्ट्री का बकाया कर अदा नहीं करने पर फैक्ट्री सील की गई।

■ देवपुरी क्षेत्र में जोन 10 की टीम ने की कार्रवाई

देवपुरी क्षेत्र में बड़े बकायादारों की संपत्तियों पर नगर निगम ने सीलबंदी की कार्रवाई की। अनूप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, एकता अग्रवाल देवपुरी स्थित ट्रेक्टर डीलर व्यवसायिक उपयोगकर्ता भूमि, नवीन सिंघानिया, नीतू, उर्मिला, राजकुमार, प्रवीण वर्ष 2016-17 से 2024 तक बकाया राशि 32 लाख 94 हजार 675 रुपये का बकाया भुगतान नहीं करने पर 5 गोडाउन को सीलबंद किया गया। इसी तरह हरीश अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल द्वारा टाइल्स फैक्ट्री टिसाफर, सचिन इंटरप्राइजेस, जलराम इंटरप्राइजेस द्वारा खिलौना फैक्ट्री का बकाया कर भुगतान नहीं किये जाने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की गयी है।



# सांसद बृजमोहन ने लोकसभा में उठाया सहकारी बैंकों, छोटे किसान-व्यापारियों से जुड़ा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को संसद में प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में सहकारी बैंकों, छोटे किसान-व्यापारियों के आर्थिक विकास और डेयरी सहकारी समितियों को मजबूत बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने जानकारी मांगी कि सरकार गांवों और शहरों में नई सहकारी समितियों की स्थापना तथा मौजूदा समितियों को सशक्त करने के लिए क्या कदम उठा रही है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया, केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में सहकारी बैंकों और छोटे किसानों-व्यापारियों को सशक्त करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने देशभर में 2 लाख बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को मंजूरी दी है, जिसे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, राष्ट्रीय मत्स्यकी विकास बोर्ड एवं राज्य सरकारों के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। श्री शाह ने बताया, सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। अब तक 1,90,894 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 38,179 महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों के विकास के लिए 89,750 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

शहरी सहकारी बैंकों के लिए आवास ऋण सीमा को 30 लाख रुपए से बढ़ाकर 60 लाख रुपए कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए यह सीमा 75 लाख रुपए कर दी गई है।

# पूर्व मंत्री मूणत की दो टूक- अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं नियम विपरीत निर्माण करने वालों पर लें एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि नियमों का उल्लंघन कर आवासीय क्षेत्र में वशवसायिक निर्माण होता है, तो उसे तत्काल हटाया जाये। पार्किंग के लिए जगह छोड़े बिना निर्माण होने पर समय रहते एक्शन लें। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं चलेगी। निवास कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने इस आशय के निर्देश दिये।

■ पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम अधिकारियों की ली बैठक

दरअसल, रायपुर पश्चिम विधानसभा में मास्टर प्लान के विरुद्ध किये जा रहे निर्माण, पार्किंग की जगह छोड़े बिना किये जा रहे निर्माण को लेकर विधायक राजेश मूणत ने नगर निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, उपायुक्त दिव्या चंद्रवंशी, डॉ. अंजलि शर्मा, पश्चिम क्षेत्र के जोन आयुक्त और नगर निवेशक आभास मिश्रा मौजूद रहे।



बैठक के दौरान विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों से कहा, नियमों का पालन होना चाहिये। अवैध निर्माण करने वालों के मन में नियम-कानून का डर बना रहना चाहिये। वे किसी का नुकसान करने के पक्षधर नहीं हैं, पर जन सामान्य को परेशानी में डालने वाले निर्माण कार्यों को सहन नहीं करेंगे। श्री मूणत ने कहा कि निगम अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे शुरुआती स्थिति में नियम विरुद्ध किये जा रहे निर्माण को रोक दें। इससे न केवल अवैध निर्माण पर रोक लगेगी, बल्कि अवैध निर्माण करने वालों का मनोबल टूटेगा। श्री मूणत ने कहा कि नियमतः मकान बनाते समय सेटबेक छोड़ना जरूरी है, लेकिन कोई नियम का पालन नहीं करना चाहता। अधिकारियों की उदासीनता से यह समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। हालत ये है कि हर दूसरे मकान वाले की गाड़ी सड़क पर खड़ी रहती है, ऐसे में सड़क आने-जाने वाले आखिर कहां जायेंगे?

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आज से ही व्यवस्था सुधारने में लग जायें। मास्टर प्लान के विपरीत निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

### डगनिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

*रायपुर पश्चिम विधायक ने मंगलवार को डगनिया स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि शाला परिसर से लगे क्षेत्र में निजी व्यक्ति निगम द्वारा प्रदत्त सामग्री का उपयोग कर जिम संचालित संचालित कर लोगों से शुल्क वसूल रहा था। श्री मूणत ने इस पर आपत्ति जताते हुये मौके पर मौजूद जोन अधिकारी को निर्देश दिया कि निजी व्यक्ति द्वारा संचालित जिम तुरंत बंद किया जाये। जिम निगम द्वारा संचालित किया जाये। यही नहीं आम जनता के लिए जिम में निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था दें। निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश मूणत ने स्कूल में पहले से निर्मित भवन के प्लास्टर कार्य, मरम्मत और नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये।। शाला की प्राचार्य ने ध्यान आकर्षित कराते हुये उन्हें बताया कि विद्यालय परिसर में रात्रि में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। श्री मूणत ने संबंधित थाना प्रभारी को विद्यालय परिसर में नियमित रूप से गस्त की कार्यवाही करने निर्देश दिये।*

### शताब्दी वर्ष में होंगे इस साल कई कार्यक्रम, अभा सभा में बनी योजना

# आरएसएस कराएगा अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंवेसक संघ की बेंगलुरु में हुई अखिल भारतीय सभा में किए गए फैसलों के बारे में यहां पर मध्यक्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना और प्रांत सरसंघ चालक टोपलाल वर्मा ने जानकारी साझा की। सभा में अब देशभर में आरएसएस द्वारा हर राज्य में मंडलों में हिंदू सम्मेलन कराने का फैसला किया गया है। छत्तीसगढ़ में भी आरएसएस द्वारा हर मंडल में हिंदू सम्मेसन कराए जाएंगे। आरएसएस का यह वर्ष शताब्दी वर्ष है। इसमें कई कार्यक्रम हर राज्य में होंगे।

श्री सक्सेना ने बताया, विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष होगा। इसे संघ एक अवसर के रूप में प्रयोग करेगा। हमारा जो विचार है, उसको समाज तक ले जाने का प्रयास रहेगा। मंडल स्तर पर विजयादशमी के दिन हम लोगों तक पहुंच सके, ऐसी योजना बनी है। एक विस्तृत गृह संपर्क करने की योजना भी बनाई गई है। सभी मंडलों में हिंदू सम्मेलन कराया जाए, ऐसी योजना बन रही है। जिला स्तर पर प्रमुख नागरिकों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। हर विमर्श, जो देश को तोड़ने वाला होता है, उसको खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। श्री सक्सेना ने बताया, संघ की सर्वोच्च बॉडी, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में बैठक हुई।



इसका संचालन दत्तात्रेय होसबोले ने किया। इसमें 40 से ज्यादा संगठनों ने हिस्सा लिया। संघ के कार्य में अभूतपूर्व विकास हुआ है। मार्च 2024 और 2025 के बीच 45600 से बढ़कर 51610 जगहों पर संघ का विस्तार हुआ है। सामाजिक समरसता पर भी समीक्षा हुई।

### शताब्दी वर्ष में ये कार्यक्रम होंगे

*शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 के अवसर पर होगी, जिसमें गणवेश (संघ गणवेश) में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड/नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर-घर संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है, जिसका विषय हर गांव, हर बस्ती, घर-घर होगा। संपर्क के दौरान संघ साहित्य वितरित किया जाएगा और स्थानीय इकाइयों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा। खंड/नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा।*

### संघ बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ

श्री सक्सेना ने कहा, बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं की स्थिति और कठिन हो गई है। नृशंस हत्याएं, महिलाओं के अपहरण और मतांतरण की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। यह मानवाधिकार का हनन है। हिंदुओं के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक भी इससे प्रताड़ित हैं। संघ ने ऐसे समय में बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एक साथ खड़े रहने का प्रस्ताव पारित किया है। श्री सक्सेना ने बैठक में बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि बांग्लादेश में निरंतर बढ़ती जनसंख्या घट गई है, यह चिंता का विषय है। बांग्लादेश से आ रहे वक्तव्य दोनों देशों के बीच मतभेद पैदा कर रहे हैं। एक जगह पर हुई उथल-पुथल अन्य जगहों को भी प्रभावित करती है। बांग्लादेश के हिंदू समाज ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया है। विश्व भर के हिंदू समाज ने उन्हें समर्थन किया है। विश्व भर के अनेक नेताओं ने अपने स्तर पर इसे उठाया है। उन्होंने बताया, प्रतिनिधि सभा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वहां के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए उनके अधिकारों के लिए वहां की सरकार से बातचीत करे। वहां की सरकार पर दबाव बनाकर बातचीत करेष सभी हिन्दू संगठन एक साथ होकर इसके खिलाफ आवाज उठाए।

**खबर संक्षेप**

### वार्ड 25 में कर्मा जयंती

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 25 में कर्मा जयंती उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद व भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष भाउराम साहू और नागरिकों ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर एक दूसरे को कर्मा जयंती की बधाई दी। आरती पूजा उपरांत खिचड़ी, खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

### नववर्ष एवं श्रीराम नवमी पर विधायक कार्यालय में होगा भगवा ध्वज वितरण

**महासमुंद।** आगामी हिंदू नववर्ष एवं श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा भगवा ध्वज का वितरण किया जाएगा। ध्वज वितरण बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय से किया जाएगा। इसके लिए 29 मार्च और 30 मार्च का दिन तय किया गया है। विधायक श्री सिन्हा ने आमजनों से नववर्ष के दिन अपने घरों में भगवा ध्वज लगाने की अपील की है। बता दें कि 30 मार्च दिन रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि के साथ विक्रम संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुरुआत भी हो रही है। इसके बाद 06 अप्रैल को श्रीराम नवमी का पर्व है, इसलिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा आमजनों में भगवा ध्वज का वितरण किया जाएगा।

### मचेवा में कर्मा जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में कर्मा जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व पूर्व विधायक महासमुंद विनोद सेवन लाल चन्द्राकर रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला ध्रुव एवं पंचायत के समस्त पदाधिकारी तथा साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र साहू व गणमान्य नागरिक सुखदेव साहू, भुवन लाल साहू, जगदीश साहू, निरंजन साहू, शिव कुमार साहू, किशन देवांगन, जनकराम साहू, तोगेश साहू, सीताराम साहू एवं भारी संख्या में साहू समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन किशन लाल साहू ने किया।

# केंद्रीय एजेंसियों का लगातार दुरुपयोग कर मजबूत विपक्षी नेताओं को बदनाम करवाना चाहती है भाजपा : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि ज़ब जब कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन होने वाला रहता है तब-तब छापे पड़ते हैं औऱ मुख्य बात वर्तमान डबल इंजन सरकार में घोटाले और बेरोजगारी और मंहगाई के खिलाफ कोई बात नहीं हो रही और ऊपर से 30 मार्च को मोदी आ रहे हैं तो उनके भाषण के लिए लाइनें दी जा रही है कि देखो हमने छापा मारा। पहले भूपेश बघेल ने 18 लाख आवास का मुद्दा विधानसभा में उठाया, तब छापा पड़ा। कल भाजपा मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में गरीबों को चावल नहीं मिल पा रहा है का मुद्दा उठाया और आज सीबीआई की रेड हुई। जबकि भूपेश बघेल को आज बैठक में दिल्ली जाना था। सबसे ज्यादा आफत सीबीआई की विशेष अदालत ने सीडी कांड में उनके नाम को चलने के लायक़ भी नहीं माना था और डिस्चार्ज कर दिया था, तब से भाजपा और केंद्रीय एजेंसियां कुछ नया करना चाह रहे थे। ऊपर से जब से पंजाब प्रभारी बने है तब से और समस्या में है। भूपेश बघेल की संगठन क्षमता के कारण हिमाचल, कर्नाटक, असम, उत्तरप्रदेश में प्रभावी परिणाम मिले थे। जिसके कारण उनको पंजाब का प्रभारी बनाया गया और 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव को लेकर उनकी शुरू हुई मेहनत से भाजपा पार्टी अभी से घबराई है और पंजाब इकाई से प्राप्त सूचनाओं पर भूपेश बघेल को पंजाब जाने से रोकना चाहती है। ऐसा लगता है ईडी और सीबीआई में भी गुटबाजी है, क्योंकि जिस मामले में इडी जांच कर चुकी उसी मामले में सीबीआई का आना समझ से परे है। उदाहरण के तौर पर अंकित ने बताया विनोद वर्मा के यहां इसी मामले में ईडी जांच कर चुकी है उसी में सीबीआई वालों का पुनः



छापा मारना समझ से परे हैं ,अंकित ने कहा कि दिल्ली राजधानी मुख्यालय में नोटों से भरी बोरियां मिल रही है, वहां आईटी सीबीआई ईडी नहीं गई। भाजपा की लोकसभा सांसद महासमुंद लोकसभा में रेत के अवैध उत्खनन का मामला उठा रहा है, प्रदेश के गृहमंत्री के क्षेत्र में दूसरे प्रदेश की शराब की स्मगलिंग पकड़ा रही है, और आज पूरे देश में प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा चल रहा है उस पर क्या कार्रवाई चल रही है, महादेव एप के मुख्य आरोपी के यहां प्रवचन कर महाराज प्रदीप मिश्रा अब जशपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य में प्रवचन कर रहे है तो आख़िर ये रिश्ता क्या कहलाता हैं? अंकित ने बताया कि महादेव एप के ख़िलाफ़ सबसे ज़्यादा एफआईआर दर्ज की थी, गूगल प्ले स्टोर से हटवाया था, और लगातार कार्रवाई चल रही थी, इस सरकार में ऐसा कुछ नहीं हो रहा, जिससे लगे की ये ऑनलाइन सट्टा बंद करवाना चाहते हैं। ऐसे में अंकित ने कहा कि यदि रेत का अवैध उत्खनन चल रहा है, शराब की बिक्री अवैधानिक हो रही है, ऑनलाइन सट्टा चालू है तो इससे होने वाली अवैधानिक कमाई का पैसा कहां जा रहा है। एक सच ये भी है कि उपलब्ध जानकारी के आधार पर, 2014 के बाद से लगभग 25 विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या सीबीआई की जांच शुरू हुई थी और ये नेता बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इनमें से अधिकांश, यानी करीब 23 नेताओं को जांच में राहत मिली या तो उनके मामले बंद हो गए या आगे की कार्रवाई रुक गई। और वो भाजपा में केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री जैसे पदों में मजे ले रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की जितनी निंदा की जाए कम है। साथ ही अंकित ने कहा कि कांग्रेस परिवार संगठन सांसद, और विधायकगण पूर्व मुख्यमंत्री के साथ है और केंद्र की जोर जबरदस्ती से घबराने वाले नहीं हैं।

## कांपा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना के शराब दुकान को बिरकोनी में स्थान्तरित करने के विरोध के बाद ग्राम पंचायत कांपा में खोलने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। वही प्रस्ताव के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। वही ग्राम कांपा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सरपंच विकास चंद्राकर, उपसरपंच अनूपा यादव, पूर्व सरपंच गजानंद साहू, वरिष्ठ नेता मोती साहू, चैनू साहू के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालकर नारे बाजी किया।

इस दौरान तुमगांव थाना प्रभारी हितेश जंघेल ने सभी अवैध बिक्री करने वाले को समझाइश दी। इस अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वालों के पास जाकर, अवैध शराब बिक्री बंद करने की समझाइश दी। जागरुकता रैली ग्राम पंचायत भवन से भाठापारा, बस स्टैंड और क्षेत्र के सभी होटल ढाबों में जाकर नारेबाजी की। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब ब्रिकी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल, ढाबों, ठेला, दुकान व चौक चौराहे में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ तुंत कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि भाठापारा के आसपास दुकानों व होटलों व कांपा चौक व खट्टीडीह रोड के पास शाम से देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां खुलेआम अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है।

इस अवसर पर राधिका सोनी, हीरा साहू ,अश्वनी सोनी, प्रमिला साहू, बुधवंतिन जांगड़े, अनूपा यादव, कौशिल्या गायकवाड़, लखन खंडेलवाल, टाकेश्वर बंजारे, गुमानदास जांगड़े, कुलेश्वरी साहू, कुबेर युगर, टेमन चंद्राकर, पीतांबर साहू, गायत्री चंद्राकर, बबिता यादव, हुमेश्वरी चंद्राकर, नरसिंग यादव, प्रहलाद सोनी, जितेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक हो भाजपा के प्रतिनिधि : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिलासपुर आगमन 30 मार्च को होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा शहर मंडल की आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महामंत्री प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में हुई।

मंडल बैठक की प्रस्तावना रखते हुए अध्यक्ष महेंद्र सिका ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन 30 मार्च को बिलासपुर संभाग के बिल्हा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम में होने जा रहा है। शहर मंडल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित यह बैठक आयोजित है। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को निगम, निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतीराज के चुनावों में मिली और सर्वाधिक रूप से भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के विजयी होने पर सभी



का सम्मान और धन्यवाद ज्ञापित करने देश के नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन हम सभी का परम सौभाग्य है।

जिला महामंत्री प्रदीप ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रदेश में मिली भाजपा की इस ऐतहासिक सफलता में संगठन के नेतृत्वकर्ताओं और सभी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। जिनके अथक परिश्रम से पहले विधानसभा चुनानों में सर्वाधिक 54 सीट जीतकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। बाद में लोकसभा के चुनावों में 11 में से 10 सीटों पर भाजपा के सांसद चुने गए। डबल इंजन की सरकार की ताकत बढ़ाने अब तीसरे इंजन के रूप में कार्यकर्ताओं की सरकार बनी है और स्थानीय चुनावों में भी भाजपा को भारी जनादेश मिला है। प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष संगठन की कार्यशैली और विचारधारा पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक का जनप्रतिनिधि भाजपा समर्थित कार्यकर्ता हो, पंचायत से लेकर लोकसभा तक के सदन में भाजपा की सुशासन का नेतृत्व हो इस संकल्प से हमें कार्य और अपना लक्ष्य प्राप्त करना है। मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा ने कहा कि हम सब छत्तीसगढ़वासियों के लिये यह गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में अभी राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के आगमन पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। आमतौर पर चुनावों में प्रचार सभा सम्मेलन का आयोजन होता आया है। परंतु, कार्यकर्ताओं को मिली जीत का सम्मान करने देश के प्रधानमंत्री खुद यहां आएंगे, वो सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लिये गर्व और गौरवशाली यादगार अविस्मरणीय पल होगा। शहर मंडल के पदाधिकारियों द्वारा 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए बूथ, शक्ति केंद्र और वार्डवार कार्यकर्ताओं की उपस्थिती सुनिश्चित करने जवाबदारी दी गई। बैठक का संचालन मंडल कोषाध्यक्ष हनीश बग्गा और आभार मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, पार्षद गण शुभ्रा मनीष शर्मा, प्रीति बादल मक्कड़, सीता तोड़ेकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यदु, पीयूष साहू, माखन पटेल, शंकर चंद्राकर, फागुआ पटेल, हिमांशु मधु यादव, भगवती करकेस, हिरेंद्र सोनी, ललित मांझी, पंकज कचना चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### जनप्रतिनिधियों ने की भाजपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष येतराम साहू के निवास पहुंच कर सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान नगर पंचायत तुमगांव के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर एवं पार्षद धनेश्वरी रोशन साहू, राकेश धीवर, भारती टंडन, भुनेश्वर साहू, फत्तेलाल निर्मलकर, दुकालू ध्रुव, उत्तम निर्मलकर, समाजसेवी कुलदीप साहू, द्रोणा साहू आदि उपस्थित रहे।




### शेर में हुआ जल शपथ समारोह

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत शेर में जल शपथ समारोह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सरपंच अनिता हरेंद साहू, उपसरपंच भारती ताराचंद साहू, पंच धनिता टेमन साहू, किरण ओमकुमार साहू, देवला कुंजलाल, लक्ष्मी आलखू निषाद, बिहान योजना समूह के सदस्य फलिता साहू, टेमीन साहू, संगीता साहू, मीना साहू, दूरपत ध्रुव, कैलाशदास, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू, सहायिका सावित्री साहू, प्रेमलता साहू, सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।

## अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ में शामिल हुए विधायक



**बसना।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 टिकरापारा में लगातार 3 वर्षों से सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन श्रीराधा कृष्ण माधव समिति टिकरापारा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ.संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर वार्ड एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की।

अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन आदि अनादि काल से पूर्वजों रीति रिवाजों से चलता आ रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम नाम तन मन को प्रफुल्लित कर देने वाले हरिनाम है। अष्टप्रहरी हरिनाम संकिर्तन महायज्ञ में दर्जनों किर्तन मण्डलीय शामिल होकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि सोलह नामों तथा बत्तीस वर्णों से युक्त महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र उपाय है। कलियुग में केवल हरिनाम से ही उद्धार हो सकता है। कलियुग में इस महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल किंतु प्रबल साधन उनका नाम-जप ही बताया गया है। श्रीमद्भागवत पुराणों का कथन है। यद्यपि कलियुग दोषों का भंडार है तथापि इसमें एक बहुत बडा सद्गुण यह है कि सतयुग में भगवान के ध्यान (तप) द्वारा, त्रेतायुग में यज्ञ-अनुष्ठान द्वारा, द्वापरयुग में पूजा-अर्चना से जो फल मिलता था, कलियुग में वह पुण्यफल श्रीहरिके नाम-संकीर्तन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, वार्ड पार्षद राकेश डड़सेना, रामचंद्र अग्रवाल सहित श्रीराधा कृष्ण माधव समिति के पदाधिकारी, सदस्य गण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# वृंदावन स्कूल में मनाई गई माता कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय भक्त माता कर्मा जयंती की मनाई गई। भक्त माता कर्मा जयंती विशेष रूप से साहू समाज के ईष्ट देव के रूप में माना जाता हैं। ऐसी मान्यता है कि मां कर्मा भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी। भगवान कृष्ण को सर्वप्रथम भोग लगाया करती थी, इस कारण उन्हें कृष्ण भक्त के नाम से भी जानते हैं। वृंदावन विद्यालय की संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने जीवन में श्रद्धा भक्ति, सकारात्मक सोच और सुखः दुःख को भगवान को चरणों में अर्पण कर, नित्य कर्म करने की प्रेरणा दी हैं। इसी कड़ी में विद्यालय के शिक्षक प्रवीण साहू ने भक्त माता कर्मा के विषय में एक अनूठा और मनमोहक कथा के विषय से अवगत



कराया। साथ ही वरिष्ठ शिक्षिका रेखा साहू ने भी एक मनमोहक कथा सुनाकर एक अभूतपूर्व अनुभव की अनुभूति कराई। विद्यालय की उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने भक्त माता कर्मा से जुड़ी एक प्राचीनतम घटनाक्रम से अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत घृतलहरे, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, कमलेश नागवंशी एवं लक्ष्मी नारायण साहू उपस्थित रहे।



### जवाहर नवोदय के लिए छात्र युवराज का चयन

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बोकरामुड़ा कला में कक्षा पांचवी के छात्र युवराज बरिहा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए हुआ है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर युवराज बरिहा का मुंह मीठा किया गया। साथ ही छात्र युवराज के माता पिता का भी सम्मान किया गया। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष दीपक बरिहा, प्रधानपाठक डोमार दास वैष्णव, कक्षा शिक्षक रतनू बरिहा, शिक्षकगण दीपक सिंह ठाकुर, सत्येंद्र कुमार साहू, लोचन सिंह साहू आदि ने हर्ष जताया है।

# खैरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती, शोभायात्रा भी निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खैरा में संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू थे। विशेष अतिथि में जनपद पंचायत सदस्य महेंद्र साहू, राकेश चंद्राकर तथा ग्राम के सरपंच प्रांशु चंद्राकर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां कर्मा बाई की छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

ग्राम खैरा में मां कर्मा बाई की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। मां कर्मा देवी जयंती पर गांव में साहू समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गांव का भ्रमण किया गया। इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा का समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी स्वागत किया है। शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में पीले वस्त्रों में सजी 60 महिलाएं तथा युवतियां सिर पर कलश रखकर शामिल हुई। शोभायात्रा में भगवान की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में अन्य समाज की महिलाएं एवं युवतियां भी शामिल हुई। शोभायात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की उद्बोधन में महासमुंद नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि भक्त कर्मा माता भगवान कृष्ण की भक्ति लीन रहती थी। वह रोज भगवान को खिचड़ी का भोग लगती थी और भगवान उनके हाथ से खिचड़ी खाने आते थे। शिक्षक



भूषण साहू ने कहा कि करीब एक हजार वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1073 में पाप मोचनी एकादशी चैत माह कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी उत्तरप्रदेश के रहने वाले राम शाह तेल व्यापारी के यहां हुआ। वे समाज सुधारक, धर्मात्मा और परोपकारी थे। विदेश में उन्हें भगवान का उपासक बताया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य आसाराम साहू ने कहा कि मां कर्मा की जीवन से आत्म बल, निर्भीकता, साहस, पुरुषार्थ, समानता और राष्ट्र भावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे नहीं झुकी। संसार की हर दुख-सुख को स्वीकारा और डटकर उसका मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन, संपन्नता के साथ जीवन यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। भक्ति से साक्षात कृष्ण के दर्शन किए। कार्यक्रम का मंच संचालन भुनेश्वर साहू ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा राम साहू, पूरन साहू, कृष्ण कुमार साहू, लोमस साहू, लेख राम साहू, महेंद्र साहू, गोपी साहू, चंद्रकांत साहू, अमित साहू, रोहित साहू, निरंजन साहू, पुरुषोत्तम साहू, गुनेंद्र साहू, मनीष साहू, चालेश साहू, पप्पू साहू, सोनम साहू, लीना साहू, प्रेमीन साहू, काजल साहू, प्रमिला साहू, ममता साहू, आसीन साहू, दिव्या साहू, दुर्गा ध्रुव, नर्मदा ध्रुव, रामायण ध्रुव, फुलेश्वरी चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## तालाब मेड़ पर बनेगा सीसी रोड, वार्डवासियों को मिलेगी कीचड़ से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड क्रमांक 24 सरस्वती राइस मिल के पीछे स्थित तालाब के मेड पर सीसी रोड, आरसीसी स्लैब तथा तालाब किनारे से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया।

ज्ञातव्य है कि तालाब के मेड़ पर बारिश के दिनों में कीचड़ हो जाता है, जिससे वार्डवासियों को निस्तारी समस्या का सामना करना पड़ता है। मेड़ पर कन्हार मिट्टी होने के कारण चलना कठिन हो जाता है। जिसे वार्डवासियों की मांग पर सीसी



सड़क बनाने आज नपाध्यक्ष ने भूमिपूजन किया। इसके अलावा आरसीसी स्लैब व नाली निर्माण के लिए भी अध्यक्ष ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद पवन पटेल, पार्षद गुलशन साहू, नीरज चंद्राकर, कमला सूर्यवंशी, रिंकू चंद्राकर एवं मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

# रूढ़ीवाद को त्याग कर आगे बढ़ रहा साहू समाज : विनोद

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में 25 मार्च को संत माता कर्मा जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक महासमुंद शामिल हुए।

इस अवसर पर ग्राम मचेवा के साहू समाज द्वारा संगीतमय रामायण कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें मानस मंडली द्वारा श्रीराम चरित मानस पाठ के प्रमुख चौपाई व भगवान श्रीराम के कथाओं का वर्णन किया गया। संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक ने कहा कि साहू समाज ऐसे महान



व्यक्तित्व के वंशज हैं, जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण की विशेष भक्ति प्राप्त हुई। संत माता कर्मा भगवान कृष्ण के महान भक्तों में शामिल हैं। उनकी भक्ति व प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान ने उनके हाथों से खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया था। आज साहू समाज के लोग जागरूक हो चुके हैं। समाज के विभिन्न रूढ़ीवादी परंपराओं का त्याग कर समाज हित में निर्णय ले रहे हैं तथा समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच प्रमिला ध्रुव, पंचगण, साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, भुवन लाल साहू, जगदीश साहू, निरंजन साहू, शिवकुमार साहू, किशन देवांगन, जनकराम साहू, तोगेश साहू, सीताराम साहू, उपसरपंच जितेंद्र साहू, नीलकंठ साहू, मुरारी साहू, हिरामन साहू, ठगन साहू, पन्नालाल, राजेश, पुरुषोत्तम, लालू, लोचन साहू, मुकेश साहू एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के महिला-पुरुष, युवा व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक अर्जुनी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
// सूचना //
रा नि म अर्जुनी/तह ब.बा./2025
01. श्री आशीष कुमार वर्मा पिता महेंद्र कुमार वर्मा निवासी किरण होंडा लवन रोड खैरघटा बलौदाबाजार
02 श्रीमती पूजा साहू पति बलराम साहू निवासी लटुवा रोड बलौदाबाजार
विषय :- मौका जांच के दौरान उपस्थित रहने बाबत् ।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार का जांच दल गठन क्रमांक /558/तह वा. - 02/2025 बलौदाबाजार दिनांक 29/01/2025.
उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के परिपालन में मौजा सकरी रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार स्थित खसरा नं. क्रमशः 92/1,92/4,92/6 रकबा क्रमशः 0.03, 0.24, 0.02 है. भूमि का मौका जांच निर्देशित किया गया है। जिसके कारण से दिनांक 03/04/2025 दिन गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे किया जाना है। जिसके कारण से आप या आपका वैध प्रतिनिधि मौका पर आवश्यक कागजात सहित लेकर उपस्थित रहने का कष्ट करें। अनुपस्थित रहने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक अर्जुनी
रा.नि.मं. अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार
प्रतिलिपि-श्री आशीष कुमार वर्मा पिता महेंद्र कुमार वर्मा, खसरा क्र. 92/1,92/4,92/6, श्रीमती पूजा साहू पति बलराम साहू, खसरा क्र. 91,92/5, श्री जागेश्वर पिता शत्रुहनलाल, खसरा क्र.93/1, श्रीमती चंद्र ज्योति पति अजय, खसरा क्र. 242/3, श्री अर्जुन सेन पिता रामलाल सेन, खसरा क्र. 90/5

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण तहसील संघ शाखा बागबाहरा की हुई बैठक

**महासमुंद।** छग पेंशनधारी कल्याण तहसील संघ शाखा बागबाहरा की बैठक एवं होली मिलन तेंदूकोना में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक गिरि गोस्वामी रहे। अध्यक्षता हिराधर सोम ने की। कार्यक्रम का संचालन रूपेश तिवारी ने किया। इस मौके पर 80 वर्ष से ऊपर वाले पेंशनरों का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें सर्व हीराधर सोम, भाइराम यादव, रामजी प्रसाद पांडेय, आर. बैपारी को सम्मानित किया गया। नया सदस्य उमेद सिह, देवकुमारी, खेदूराम बरिहा का भी सम्मान किया गया। माह मार्च में जन्म दिवस होने पर गोपान ठाकुर, रामजी प्रसाद, भीम ठाकुर को बधाई दी गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी ने संगठन की मजबूती एवं पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी। पश्चात तहसिल शाखा बागबाहरा का वर्तमान अध्यक्ष द्वारा तहसील इकाई का पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा। जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन किया। जिसमें सर्व सम्मति से थानसिंह ठाकुर को अध्यक्ष, उमराव सिंह ध्रुव सचिव एव कुंजलाल दीवान को कोषाध्यक्ष, खेदूराम बरिहा को उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अशोक गिरी गोस्वामी, हीराधर सोम, रूपेश तिवारी, भुलऊ साहू, रामजी पांडे, कल्याण सिंह बरिहा, बालाराम ध्रुव, बंशीलाल चंद्राकर समेत बड़ी संख्या में पेंशनरगण आदि मौजूद रहे।

### खर्रा में मानसगान स्पर्धा 28 से, कलश यात्रा आज

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय भव्य संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 मार्च तक रखा गया है। 27 मार्च को ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ही वरिष्ठ ग्रामीणों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित किया जायेगा। शाम 4 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी नरेंद्र ध्रुवंशी ने दी।

### चिंवरी में गायत्री महायज्ञ 28 से

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन 28 से 31 मार्च तक किया गया है। प्रज्ञापुराण वाचक अछोला आरंग निवासी जगदीश प्रसाद साहू होंगे। 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कलशयात्रा निकाली जायेगी। 29 एवं 30 मार्च को 8 से 10 बजे तक हवन होगा। सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक प्रवचन होगा। 31 मार्च को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ, संस्कार एवं पूर्णाहुति होगी। यह जानकारी चंद्रहास साहू ने दी।

### मौरीकला में कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन 28 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला (गुफा) में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं कर्मा जयंती का आयोजन 28 मार्च को साहू भवन में रखा गया है। मुख्य अतिथि मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद एवं गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि होंगे। माता कर्मा की पूजा-अर्चना पश्चात कलशयात्रा सुबह 10 बजे निकाली जायेगी।

**जयंती :** लांजा में आयोजित कर्मा जयंती में शामिल हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा

# संत माता कर्मा केवल साहू नहीं सर्व समाज के लिए पूजनीय : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम लांजा में साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। समाज द्वारा कलश यात्रा निकाल कर ग्राम का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा शामिल हुए। साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, लांजा सरपंच ओमप्रकाश बंजारे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आनन्द बंजारे, चन्द्रकला साहू भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा केवल साहू समाज की नहीं बल्कि सर्व समाज की माता है। श्री शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर ठेठवार समाज का भवन, यादव समाज का भवन बनाने की घोषणा की। साथ ही तालाब में शेड निर्माण व पेवर ब्लॉक तथा महामाया मंदिर में टाइल्स लगाने की घोषणा की। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव एवं साहू समाज परिक्षेत्र राहुल साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बिनैका सरपंच मुकेश बंजारे, रामजी साहू, राजू जोशी, चंद्रमणि तिवारी, छोटू यादव, केजू बघेल, विकास सोनकर, निरज शर्मा, मनोज चौबे, परस पाटकर, राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे। ग्राम पौंसरी में साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा शामिल हुए तथा मां कर्मा की पूजा कर समाज के लोगों को कर्मा जयंती की बधाई दी। इस दौरान समाज द्वारा डीजे धुमाल के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सरपंच चंद्रमणि साहू, जनपद सदस्य हेमिन चंद्रशेखर साहू, चंदू साहू, परस साहू, धनी राम साहू, लोकेश साहू, भगवती साहू, श्रीराम साहू आदि मौजूद रहे।

### गोपालपुर में कर्मा जयंती धुमधाम से मनी

**गोपालपुर** । गांव के राम लीला मंडली चौक में संत मां कर्मा जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि सुनीति अशोक साहू जनपद सदस्य ने मां कर्मा के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर अराधना की। जनपद सदस्य ने कहा कि साहू समाज की अराध्य देवी मां कर्मा है, माता कर्मा को भक्त शिरोमणि कहा जाता। माता कर्मा भगवान श्री कृष्ण की भक्त थीं। त्याग, तप और आस्था के प्रतिमूर्ति है। तप और त्याग की गौरवगाथा आज भी जन मानस को श्रद्धा देती है। छत्तीसगढ़ एवं पूरे भारत में कर्मा जयंती धुमधाम से मनायी जा रही है। हमारे समाज के लिए गौरव की बात है कि ऐसी महान पुरुष ने जन्म लिया है। मंच संचालन सोना राम साहू ने और आभार प्रदर्शन टेकलाल साहू ने किया। इस अवसर पर सोनी कोयल एवं खगेश खुटे ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित मानमती पहारु साहू सरपंच, डॉ. टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, नारायण प्रसाद साहू, भागवत साहू, फिरतू यादव, बिशेषर साहू,जीवन लाल साहू, रुपेश साहू पंच, डीआर टण्डन, सेवक साहू उपस्थित थे।



# साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा, जनप्रतिनिधियों ने की अनेक घोषणाएं



**भटगांव।** नगर के साहू समाज द्वारा ब्राह्मण पारा स्थित साहू समाज भवन में भक्त शिरोमणि कर्मा माता की जयंती धुमधाम, हर्षोल्लास के साथ कलश शोभायात्रा नगर में निकालकर मनायी गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चे, बूढ़े, जवान व माताएं बहनें सम्मिलित हुए। कलश शोभायात्रा ब्राह्मण पारा साहू समाज भवन से बैंड बाजे व कीर्तन मंडली के साथ आतिशबाजी करते हुए गुड़ी चौक, केशरवानी मोहल्ला, पुराना हटरी, नया हटरी, सांई मंदिर चौक, देवांगन मोहल्ला, स्टेट बैंक, बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, शीतला चौक, रंग मंदिर होते हुए साहू समाज भवन वापस आकर कर्मा माता, कृष्ण भगवान का पूजन अर्चन व भव्य सामूहिक आरती की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नं. 4 के पार्षद लीलाधर वैष्णव, वार्ड 11 के पार्षद पति व प्रतिनिधि मुकेश सोनी को श्रीफल, साल भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए घोषणा की कि एक–एक वर्ष की पार्षद निधि को ब्राह्मण पारा स्थित साहू समाज भवन निर्माण के लिए दी जाएगी। वहीं समाज के वरिष्ठ व सेवा निवृत्त प्राचार्य आरडी साहू ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए भक्त शिरोमणि कर्मा माता के जीवन परिचय को लोगों के सामने रखा व ऐसे ही भगवान की भक्ति में लीन रहते हुए जीवन यापन करने को कहा।

## सचिवों की हड़ताल से ठप हुआ पंचायत का काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

▪ नियमितीकरण की मांग को लेकर 9वें दिन भी हड़ताल में डटे रहे

शासकीयकरण की मांग को लेकर रायपुर जिले के तिल्दा जनपद के समस्त सचिव 9वें दिन भी हड़ताल पर बैठे रहे। अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत 17 मार्च को राजधानी में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के बाद से शुरू हुई है। इसके बाद ब्लॉक व जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में हड़ताल के 9वें दिन धरना स्थल तिल्दा-नेवरा में उपस्थित सचिवों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती मनायी गई। पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि सरकार बनने से पहले मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर पंचायत सचिवों के शासकीयकरण व नियमितीकरण की बात शामिल होने का दावा किया गया था। सरकार बनने के बाद 7 जुलाई को सचिव दिवस कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री ने 100 दिन में नियमितीकरण वाली मोदी की गारंटी दोहराई थी। इसके लिए कमेटी गठित कर 30 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने और इसके आधार पर तत्काल शासकीयकरण करने का भरोसा मुख्यमंत्री ने दिलाया था, लेकिन 100 की जगह 300 दिन बीतने पर भी शासकीयकरण तो दूर, कमेटी की रिपोर्ट तक पेश नहीं हो सकी है। सरकार में आने के डेढ़ साल बीतने के बावजूद यह वादा नहीं निभाया गया। मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार ने पूर्व सरकारों की तरह इस बार भी सचिवों के साथ धोखा किया है। इस बार सचिव किसी झांसे में आने वाले नहीं हैं। मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

## रामचरितमानस सारी दुनिया के लिए हैं आदर्श

**खरोरा।** नगर में चल रहे शिव महापुराण के पांचवें दिन पं. सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि कश्यप ऋषि और दिति का पुत्र हुआ बजरांग और बजरांग से हुआ तारकासुर, इसने तपस्या करके ब्रह्माजी से वर मांगा। शिवजी के द्वारा उत्पन्न संतान से ही मेरा अवसान हो। शिवजी कठोर तपस्यारत थे। बसंत ऋतु और कामदेव द्वारा शिवजी की तपस्या भंग की गई। कामदेव जलकर भस्म हो गए और देवताओं ने प्रार्थना करके शिवजी और हिमालय राजा मैंना रानी की पुत्री जगत जननी मां पार्वती से विवाह करवाए। शिवजी के बारात में भूत प्रेत बेताल गंधर्व नाग यक्ष किन्नर देवगण अनेक रूपों में सम्मिलित हुए। पहले तो माता पार्वती की माता मैंना रानी शिवजी के विचित्र रूप को देखकर डर गई। देवताओं के कहने से भोले बाबा सौम्य रूप धारण किए और ब्रह्मा जी शिवपार्वती का विवाह संपन्न कराये। प्रकृति और शक्ति का मिलन हुआ। फिर शिवजी पार्वती को लेकर कैलाश पर्वत में विराजमान हुए। तारकासुर के आतंक से सारी दुनिया को मुक्ति मिली। फिर शिवजी ने पार्वती को अमर कथा श्रवण कराये, जो रामचरितमानस के रूप में सारी दुनिया के लिए आदर्श रूप बना। शिव के बिना शक्ति और शक्ति के बिना शिवजी अधूरे हैं। दोनों जब मिल जाए तो सत्यम शिवम सुंदरम की गति बनती है। शिव महापुराण कथा में शिव पार्वती का आकर्षक झांकी भी निकल गई।



## लक्ष्य का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के छात्र लक्ष्य देवांगन पिता नारायण प्रसाद का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 माना रायपुर के लिए हुआ। लक्ष्य देवांगन शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। पूर्व में कक्षा 3 व 4 में राज्य स्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में छ.ग. में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर द्वारा मेडल व सहप्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुका है। उनके चयन पर प्राचार्य अश्वनी पाटकर, समस्त आचार्यगण, बंधू भगिनी, माता– पिता, दादाजी, संकुल समन्वयक देवेन्द्र ठाकुर, संकुल समन्वयक संजय वर्मा एबीईओ जाहिरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरपी दास तथा देवांगन समाज केशला और खरोरा के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष जताया।

## चेट्रीचंड्र पर्व से पहले सिंधी पंचायत ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**भाटापारा।** चेट्रीचंड्र पर्व पर पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत भाटापारा एवं नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड टीवी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा 70 लोगों का रक्तदान देश के लिए बलिदान हुए क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के सम्मान में बलिदान दिवस के अवसर पर 26 मार्च तक संवेदना-2 अभियान के अंतर्गत पूरे विश्व में रक्तदान शिविर आयोजित कर इन बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। निफा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व गोवा समन्वयक डॉ. प्रियंका बिस्सा, गीतांजलि पंकज एवं बलौदा बाजार भाटापारा के कार्डिनेटर अरूण छाबड़ा बंटी ने जानकारी देते हुए बताया की इस अभियान में 20 देशों सहित भारत के 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों एवं 800 जिलों में विभिन्न संस्थाओं के अथक प्रयासों व सहयोग से 2400 रक्तदान शिविर आयोजित करते हुए 150000 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे विश्व रिकॉर्ड इंग्लैण्ड में भी दर्ज किया गया हैं। पूर्व में निफा द्वारा 6 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये गये हैं।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता और हम समाज में इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए हमेशा प्रयासरत है। इस शिविर में निफा द्वारा रक्तदानियों को देश के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों के परिजनों के हस्ताक्षर युक्त सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजक पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा शाखा के सहयोग से 26 मार्च को झुलेलाल मंदिर में आयोजित किया गया एवं आशीर्वाद ब्लड ग्रुप सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की मदद से शिविर को सफल बनाने में सफलता मिली।

## स्वीकृत सड़क का जल्द होगा भूमि पूजन, मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



क्षेत्र के बहु प्रतीक्षित पड़कीडीह रावन हिरमी मार्ग स्वीकृत होने के पश्चात टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधिओं ने कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए सड़क निर्माण जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग की है। इस पर मंत्री टंक राम वर्मा ने 20 दिन के भीतर सड़क का भूमिपूजन कर कार्य को प्रारंभ कराने का आश्वाशन क्षेत्र की जनता को दिया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, भाजयुमो अध्यक्ष करण वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि संजू लहरी, रवेली सरपंच सरोज साहू, फंदरू राम पाल, पुनीत साहू, सुनील बंजारे, बेदराम वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## गांजा बेचने वालों को 6-6 माह की जेल

**धमतरी।** धमतरी पुलिस ने गांजा बेचने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धमतरी पुलिस ने गांजा बेचने वाले आदतन अपराधियों करण धुरी पिता स्व. हिंछाराम ध्रुव उम्र 59 वर्ष निवासी महंत घासीदास वार्ड धमतरी जिला धमतरी छग तथा उषा धुरी पति करण धुरी उम्र 45 वर्ष निवासी महंत घासीदास वार्ड धमतरीजिला धमतरी छग के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की। दोनों आरोपियों के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 10 के तहत न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा आरोपियों के बार-बार गांजा बेचने के विरुद्ध धमतरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के आधार पर रिकॉर्ड की जांच पर सत्यता पाए जाने पर दोनों आरोपियों को 6-6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश पारित किया।

## चैत्र नवरात्रि पर्व पर मुंडा में होगी भागवत कथा

**बलौदाबाजार।** ग्राम मुंडा में चैत्र नवरात्रि पर्व एवं हिन्दु नववर्ष के शुभारंभ पर गेंदराम तिवारी की स्मृति में 30 मार्च से 7 अप्रेल तक भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। कथा वाचक पं. नागेन्द्र पुरूषोत्तम प्रसाद चतुर्वेदी के मुखारविंद से भागवत ज्ञान की गंगा बहेगी। आयोजक सतीश तिवारी अधिवक्ता ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा से किया जावेगा।

कथा प्रतिदिन सायं 3 बजे से प्रारंभ होगी। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ पूजा, आचार्य का सम्मान पश्चात भगवान कृष्ण की समस्त लीलाओं की कथा सात दिवस क्रमवार चलेगी। कथा के दूसरे दिवस सतीचरित्र, धुव चरित्र व जडभरत कथा होगी। तीसरे दिवस प्रहलाद चरित्र, अजामिल कथा, चतुर्थ दिवस वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, पंचम दिवस कृष्णलीला, महारास उदघ्व गोपी संवाद, षष्ठम दिवस रूकमणी विवाह तथा सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष के साथ कथा विश्राम, चढ़ोत्री होगी। इसके साथ ही 6 अप्रेल को गीतापाठ, तुलसी वर्षा हवन, सहस्त्र धारा के साथ भोगभंडारा का आयोजन होगा। अधिवक्ता सतीश तिवारी ने सभी धर्मप्रेमियों इस भागवत ज्ञान गंगा का लाभ लेने की अपील की है।

# मंत्री टंकराम ने राम आएंगे भजन से नवधा रामायण में बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

▪ मंत्री ने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया

ग्राम पंचायत अर्जुनी के हृदय स्थल गांधी चौक में 19 मार्च से चल रहे अखंड नवधा रामायण के सातवें दिन 25 मार्च की रात्रि में पहुंचे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राम आएंगे भजन गाकर श्रोताओं में समा बांधा। मंत्री टंकराम वर्मा रामायण मंच में पहुंचकर भगवान श्रीराम के छायाचित्र पर आरती उतारकर पूजा अर्चना की। बता दे कि मंत्री टंकराम वर्मा का अर्जुनी से बेहद गहरा नाता है, साथ ही वे अर्जुनी नवधा रामायण मानस मंडली के सदस्यों से काफी प्रभावित रहे।



नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष गजाधर वर्मा ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। नवधा रामायण समारोह कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री व अन्य अतिथियों ने भोजनालय में प्रसादी भी ग्रहण किया। इस अवसर पर ईशान वैष्णव जिला पंचायत सदस्य, वेदेश्वरी त्रिलोक यादव जनपद सदस्य, कविता ध्रुव सरपंच, विष्णु साहू उपसरपंच, तुलसीराम वर्मा, गंगाप्रसाद यदु, के.के.वर्मा, भगेला ध्रुव, विजय कुमार वर्मा, सुखराम ध्रुव, सेवादास वैष्णव, प्रेम साहू, संगीता ध्रुव, श्याम बाई रजक, मुरारी वर्मा, राजू रजक, डायना पंच जनकराम वर्मा, सदस्य रामायण समिति रंगूराम साहू, ठाकुर राम साहू, सोनू वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, हुलास साहू, तुलसीराम रजक, लोभान रजक, लोभान साहू, राधेश्याम साहू, जवाहरलाल वर्मा, धरमू साहू, गुरुचरण वर्मा, रवि वर्मा, संजय रजक, भागीरथी ध्रुव, सुरेंद्र सेन, हुलास साहू, शेखर वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।




